हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 16 जून 2024
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 केंद्रीय मंत्री डीडी उइके का हुआ जोरदार स्वागत



09 सड़क निर्माण में घर के सामने खोदा नाला...



जल गंगा संवर्धन अभियान : पुण्य कार्य में सभी की सहभागिता जरूरी

## पुराने जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार व साफ-सफाई का कार्य जारी

जल संरक्षण और संवर्धन के लिए जिले भर में पारंपरिक जल स्त्रोतों की साफ सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य में प्रशासन ने सभी नागरिकों से सहभागिता निभाने की बात कही है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

जल गंगा अभियान संवर्धन अभियान के तहत नर्मदापुरम जिले में जगह जगह पुराने जल स्त्रोतों, कुएं, बावड़ी, तालाब की साफ सफाई का कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। संगोष्ठी के माध्यम से भी लोगो को स्वच्छता एवं जल स्त्रोतों के महत्व के बारे में समझाईश दी जा रही है। नगर पालिका एवं जनपद पंचायतों का अमला वार्ड-वार्ड जाकर एवं ग्रामों में जाकर लोगो को पम्पलेट वितरित कर जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहा है। सोहागपुर के एसडीएम ब्रजेश रावत ने ग्राम शोभापुर में तालाब गहरीकरण के कार्य में श्रम दान किया। ग्राम पर्रादेह में प्राचीन कुएं की साफ सफाई कर, कुएं की मरमम्त की गई। सोसरखेडा में शासकीय भूमि पर ट्रेच खुदाई का कार्य कर बारिश के दौरान जल संरक्षण करने का कार्य किया गया। शोभापुर में प्राचीन राज परिवार का बडा तालाब जो धीरे धीरे अपना अस्तित्व खोता दिखाई दे रहा था तालाब में जल कुंभी एवं गाद निकालने का कार्य किया गया। ग्राम ढिकवाडा में तालाब जीर्णोधार के कार्य में श्रमदान किया गया।

### विकसित जैविक खेती के लिए आए सुझाव

नगर परिषद बनखेडी द्वारा वार्डो में नागरिकों के घर जाकर पम्पलेट का वितरण कर लोगो से जल बचाने की अपील की गई। वहीं वार्ड क्रमांक 6 एवं 7 में अस्पताल रोड स्थित मुख्य नाले की जेसीबी मशीन से सफाई कर पानी की आवक सुनिश्चित की गई। ग्राम भीलाखेडी में कूप गहरीकरण का कार्य किया गया। वहीं नर्मदा विद्या निकेतन के विद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन कर जल संरक्षण के महत्व पर व्याख्यान दिया गया है।

### योजना से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ें

सोहागपुर विधायक विजय पाल सिंह ने बालाजी मंदिर बावडी की साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। सिवनीमालवा के सभी 15 वार्डों में साफ सफाई एवं वार्ड 10 में प्राचीन कुएं का पूजन कर जीर्णोधान का कार्य किया गया।

## 165 प्रजाति के आम की लगी प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम




हिल स्टेशन पचमढी में शनिवार को आम महोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित आम महोत्सव एवं सेमिनार में 70 प्रकार के आमों की 165 सैंपल प्रदर्शनी के लिए रखे गए है। जिसमें बाम्बे ग्रीन अपने साईज और स्वाद के कारण खास रहें वहीं तोतापरी अपने रंग और आकार के कारण आकर्षण का केन्द्र रहे। पर्यटकों ने प्रदर्शनी की सराहना की।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 को मनाया जाएगा

**नर्मदापुरम।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर 21 जून का मुख्य आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर शासकीय, अशासकीय, निजी संस्थानों के अलावा स्कूली विद्यार्थी योग शिक्षकों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास करेंगे। प्रशासन ने सभी नागरिकों से आयोजन में शामिल होकर योग का लाभ लेने की बात कही है।






आज तक भी नहीं बदली जिले के कई गांवों की तस्वीर और तकदीर

# बाल्टी के सहारे कुएं में बच्चों को उतारकर पानी भरने मजबूर हैं आदिवासी महिलाएं

*जून की चिलचिलाती धूप मे पानी के लिये भटकते केरपानी कोरकू और गोंडी ढानावासी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



जिले के कई आदिवासी गावों की तकदीर और तस्वीर आज भी बदल नही पाई,नतीजतन वे आज भी पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा से जूझ रहे है। सरकार का प्रयास है की प्रत्येक घरों तक नल से शुद्ध पानी पहुंचे। लेकिन पी एच ई विभाग की लचार व्यस्था शासन की इस व्यस्था को मुंह चिढ़ा रही है। विकासखंड भैसदेही की बड़ी ग्राम पंचायत केरपानी के कोरकूढाना एवं गोंडीढाना पहाड़ी पर बसे दोनों ढाने की लगभग एक हजार की आबादी बूंद बूंद पानी के लिए संघर्ष कर रही है। गांव के आदिवासी बीते 2 माह से पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे है।

### मार्च से बंद है नलजल योजना का बोर, हैंडपंप भी सूखे

गांव में पीने के पानी के लिए हेडपंप लगे है जो सभी बंद पड़े है। ग्रामीणों ने बताया कि नलजल योजना का बोरवेल मार्च के बाद वाटर लेवल कम हो जाता है, जिससे नल जल का पानी सिर्फ नीचे की बसाहट को ही मिल पाता है। इसकी जानकारी पी एच ई विभाग के अधिकारी अखिलेश बड़ोले को एक वर्ष पूर्व से दे दी थी फिर भी विभाग के जिम्मेदार समस्या को लेकर गंभीर नही नजर आए। ग्राम पंचायत केरपानी के द्वारा नये बोर खनन के लिये दो दो बार प्रस्ताव भेजा गया। लेकिन उनके द्वारा इस जल समस्या का निवारण के लिए स्थाई व्यवस्था की दृष्टि से कोई उचित कार्य नहीं किया गया। सिर्फ ग्रामीणों को भ्रमित करने का कार्य किया गया।



### अब कलेक्टर से ग्रामीणों को उम्मीद

*आजादी के 75 वर्ष बाद भी नही कर पाए। ग्रामीणों का भरोसा अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से उठ चुका है। परंतु पिछले दिनों जब कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए तत्परता से पेयजल की स्थाई व्यवस्था करवाई तो फिर उनकी उम्मीद जागी है।*

### बच्चों को कुओं में उतारकर फिर डिब्बे और लोटे से भरते हैं पानी

*पानी के लिए ग्रामीणों को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। गांव से 1, 2 किमी दूरी पैदल तय करने के बाद जिन कुओं तक महिलाए पहुंचती है उनमें भी पानी कम होने की वजह से छोटे बच्चो को बाल्टी और रस्सी के सहारे कुएं में उतारा जाता है। फिर ये बच्चे लोटे और डिब्बे से पानी बाल्टी में भरते है जिसे महिलाएं ऊपर खींचती है। गांव में हर बार मार्च के बाद पानी के लिये 3 माह भटकना पड़ता है। इस समस्या से पीएचई विभाग एवं ग्राम पंचायत अनभिज्ञ नही है।*

### प्वाइंट चिन्हित, नए बोर की राह तकते रह गए आदिवासी

*इस वर्ष भी जब पानी की समस्या हुई तो ग्रामीणों के द्वारा पी एच ई के जिम्मेदार अधिकारी से संपर्क किया। उनके द्वारा ग्रामीणों को कहा गया कि पाइंट देख लीजिये बोर करवा देंगे। लेकिन पाइंट दिखाने के बाद आज आएगी मशीन कल आयेगी मशीन लेकिन लास्ट में जब उनसे ग्रामीणों द्वारा सही जवाब मांगे जाने पर कहा गया की 600 फिट बोर कर देते है। पीएचई के अधिकारी को पता है कि केरपानी पहाड़ी पर बसा है, यहां वाटर लेवल या पानी की संभावना 600 के बाद ही है और उनके द्वारा शासन की योजना को पलीता लगाने के लिए फार्मलेटी निभाने की बात की गई। उनके द्वारा कहा गया कि ग्राम केरपानी के खाते में पैसा नहीं है यहां बोर नही हो सकता। गांव में घरों के सामने लगे नल ग्रामीणों के लिए सिर्फ शोपीस साबित हो रहे है। ग्राम पंचायत भी इस समस्या से अनजान नही है फिर भी लोग इस अव्यस्था से पानी जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित है। ग्रामीण सल्क्या बारस्कर, गोविन्द चड़ोकार रामकली बाई ठाकरे ठुमाय बाई कानेकर मंगला बाई चड़ोकार एवं ग्रामीण जन वे गांव से प्रतिदिन एक किलोमीटर दूर पंचायती और निजी कुओं से पानी भरा जा रहा है।*

# पहली बारिश में जलमग्न हुआ प्रमंडल रेलवे अंडर ब्रिज, 50 गांववासी परेशान

## अंडर ब्रिज का कार्य पूरा किए बगैर बंदे किया रेलवे गेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



भोपाल नागपुर रेलवे लाइन पर मुलताई के ग्राम प्रमंडल रेलवे गेट के लिए बनाया गया अंडर ब्रिज पहली बारिश में ही जलमग्न हो गया है। जिससे परमंडल सर्रा, हेटी सहीत इस मार्ग से जुड़े 50 ग्रामों का आवागमन बाधित हो रहा है। अंडर ब्रिज में पानी भरा होने से सुबह से अनेक दुर्घटनाएं हो रही है जिससे ग्रामीणो में भारी रोष है।

ग्रामीणों को कहना है कि मध्य रेलवे द्वारा प्रमंडल अंडर ब्रिज का कार्य जिस ठेकेदार को दिया गया था उसने पहले अंडर ब्रिज का कार्य पूर्ण करना था उसके बाद रेलवे गेट को पूरी तरह से बंद करना था। ठेकेदार ने समय अवधि में कार्य पूर्ण बताने के लिए प्रमंडल रेलवे गेट को हमेशा के लिए बंद कर दिया गया और दूसरी ओर अंडर ब्रिज का कार्य अधूरा छोड़ दिया जिसका खामीयाजा इस रेलवे गेट से प्रभावित होने वाले 50 से अधिक ग्रामों के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। जब पिछले दिनों अंडर ब्रिज का कार्य पूरा किए बगैर ठेकेदार द्वारा रेलवे गेट हमेशा के लिए बंद किया जा रहा था ग्रामीणों ने इसका विरोध भी किया था किंतु रेलवे प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। कल हुई वर्षा के बाद इस अंडर ब्रिज में 4 फीट से अधिक पानी भर गया है जिस ठेकेदार द्वारा पानी की मोटर पंप से खाली करने का प्रयास किया जा रहा है जो अभी तक नहीं निकल सका है।

### क्या कहते हैं ग्रामीण



जलमग्न हुए रेलवे अंडर ब्रिज की समस्या से जूझ रहे लोगों से हमने चर्चा की प्रमंडल निवासी गौरीत हारोडे बताते हैं कि बगैर अंडर ब्रिज का काम पूरा करें बगैर रेलवे गेट बंद कर दिया। वर्षा होने से पुलिया जलमग्न हो गई 50 ग्राम का संपर्क मुलताई से टूट गया। सुबह से दुर्घटना हो रही है 10 घंटे पूरी तरह से मार्ग बंद रहा ।जब थोड़ा पानी कम हुआ तो लोग इसमें से दो पहिया चार पहिया वाहन निकाल रहे हैं जिससे सुबह से 25 गाड़ियों इंजन में पानी भर जाने से खराब हो रहे हैं । प्रमंडल निवासी द्वारका बोरबन बताती है कि पलिया में कमर कमर पानी है महिलाएं इसमें गिर रही है ।रेलवे गेट बंद कर दिया है पहले फाटक खोलना चाहिए फिर अंडर कार्य पूरा करना चाहिए। कमलेश भादे, रमेश बोरबन, नारायण नरवरे ग्राम शर्रा, बंटी पवार बताते हैं कि क्षेत्र मे तेज बारिश के चलते अंडर ब्रिज में 4 फीट तक पानी भर गया है जिसे खाली करने के लिए रेलवे विभाग ने एक छोटा सा मोटर पंप लगा दिया है पानी जितना खाली करते हैं उतना ही फिर आ जा रहा है ऐसे में समस्या का समाधान होना संभव नहीं है।

## खबर संक्षेप

### आज निकलेगा संदल पेश करेंगे चादर

**बैतूल।** रविवार कोठी बाजार बस स्टैंड से दोपहर 2 बजे संदल निकाला जाएगा। आयोजन समिति के रफीक शाह ने बताया कि संदल बस स्टैंड कोठीबाजार से प्रारंभ होकर लल्ली चौक, आजाद वार्ड, गणेश चौक, खंजनपुर होते हुए हमलापुर डिपो सैय्यद साहब की दरगाह पर पहुंचेगा जहां चादर पेश की जाएगी।

### कार्यकर्ता शिविर एवं पुनर्गठन आज

**बैतूल।** दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया जिला शाखा बैतूल का एक दिवसीय कार्यकर्ता शिविर एवं जिला शाखा का पुनर्गठन कार्यक्रम आज रविवार, 11 बजे से डॉ. अंबेडकर भवन, कारगिल चौक सदर में आयोजित किया जा रहा है। मीराताई ताई अम्बेडकर बैतूल संगठन के अध्यक्ष शंकरराव शेषकर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रमुख, मुंबई बीएच गायकवाड गुरुजी, विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संगठक, मुंबई प्रमुख, गौतम पाटिल, प्रदेश कोषाध्यक्ष, भोपाल बीसी साहरे होंगे और प्रदेश अध्यक्ष चरणदास ढेंगरे और कार्यक्रम की अध्यक्षता चरणदास ढेंगरे करेंगे एवं प्रमुख में प्रदेश सचिव, बालाघाट आर के कठाने, प्रदेश सचिव छिंदवाड़ा, राजेश पाटील, और प्रदेश संगठक एवं जिला महासचिव नानक सातनकर मौजूद रहेंगे। दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया जिला शाखा बैतूल के जिला उपाध्यक्ष एनडी नागले ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया की गतिविधियों को सुदृढ़ व नए पदाधिकारियों का चयन करना है।

### कई कर्मचारी वर्षो से जमे हैं जनपद पंचायत में

**आमला।** जनपद में पदस्थ कई कर्मचारी वर्षों से जमे हुए हैं इनमें ऐसे कर्मचारी भी शामिल हैं जिन्हें 10 वर्ष हो चुके हैं। सहायक ग्रेड 2 कर्मचारी को माना जा रहा है इन्हें यहां पर एक दशक हो गया है। चुनाव में आदर्श आचार संहिता के दौरान भी इनका तबादला यहां से नहीं हुआ। किसान कांग्रेस अध्यक्ष रविकांत उघड़े कहते हैं कई कर्मचारी वर्षों से जमे हुए हैं। ये शिकायतकर्ता को गुमराह करते है और इनका तत्काल स्थानातरण होना चाहिए। सेवादल अध्यक्ष महेंद्र परमार का कहना है कि आमला के हर शासकीय कार्यलयों में यही हाल है। स्थानांतरण नीति का यहां कोई असर देखने में नहीं। शिवा यादव कहते हैं जो वर्षों से जमे है वो पद का दुरुपयोग भी कर रहे है। ताजा मामला आमला जनपद कर्मचारी ने अपने पुत्र का वाहन जनपद में लगाया है। जनपद पंचायत अध्यक्ष गणेश यादव का कहना है कि वर्षों से जमे कर्मचारियों की सूची संबंधितों देकर कार्रवाई कराएंगे।

जेएच कॉलेज में रॉड, हॉकी और लाठी से की थी पिटाई

# पुलिस ने प्रोफेसर से मारपीट करने वाले आरोपियों को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में पदस्थ प्रोफेसर नीरज धाकड़ के साथ अन्नू ठाकुर व उसके पाँच साथियों के व्दारा राड, पाइप से मारपीट करने की सूचना पर गंज पुलिस के व्दारा मौके पर पहुंचकर घटना स्थल सुरक्षित करते हुये घायल प्रोफेसर को इलाज हेतु जिला अस्पताल पहुंचाया व तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर घटना घटित करने वाले आरोपियों की धरपकड़ करने हेतु टीम रवाना की गयी।

पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला अस्पताल बैतूल जाकर घायल के हाल चाल की जानकारी ली व चिकित्सकों से घायल प्रोफेसर के बेहतर इलाज के लिये निर्देश दिये गए। जिला अस्पताल में ही घायल प्रोफेसर नीरज धाकड़ की रिपोर्ट पर आरोपी अन्नू ठाकुर व अन्य 5 आरोपियों के विरुध्द थाना गंज में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



प्रोफेसर के साथ हुई घटना की गंभीरता को देखते हुये फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक व्दारा अनुविभागीय अधिकारी शालिनी परस्ते के अधीनस्थ थाना गंज व थाना कोतवाली के टीम गठित की जाकर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीमें तत्काल रवाना की गई। गठित पुलिस टीम के व्दारा 24 घंटे के अंदर समस्त आरोपियों के घर, रिश्तेदारों, रेल्वे स्टेशन, बसों के साथ साथ इटारसी, आमला, भोपाल एवं अन्य संभावित स्थानों में दबिश दी गई। फलस्वरूप गठित टीमों के व्दारा मुख्य आरोपी अन्नू उर्फ अनिकेत ठाकुर, हेमन्त यदुवंशी, शिवम सोलंकी, कुनाल चड़ोकार, लक्की चौहान व एक विधि विरुध्द बालक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से घटना के संबंध में पूछताछ की जाकर घटना मे प्रयुक्त रॉड पाइप इत्यादि जब्त किया जा रहा है। उक्त मामले के आरोपियों के अपराधिक रिकॉर्ड के अनुसार भी पृथक से जिला बदर आदि की कार्रवाई भी की जावेगी। उक्त घटनाक्रम के संदर्भ में पुलिस अधीक्षक द्वारा शनिवार को कॉलेज की प्राचार्य के साथ सभी प्राध्यापक गणों की बैठक सुरक्षा संबंधित मुद्दे पर ली गई।

# केंद्रीय मंत्री डीडी उईके का हुआ जोरदार स्वागत

## जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा, क्षेत्र में बंटे मिष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



मोदी के केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल हुए केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद डीडी उईके के नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जगह-जगह भव्य स्वागत किया। मोदी के केंद्रीय मंत्री मंडल में शामिल होने के बाद प्रथम बार नेशनल हाईवे मार्ग से नागपुर से मुलताई आने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता खंबारा टोल पर जमा हुए।

जहां जनपद सदस्यों एवं जिला पंचायत सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी उइके का पुष्प माला से स्वागत किया जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। खंबारा टोल से मुलताई की सीमा तक अनेक स्थानों पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता स्वागत के लिए जमा रहे। सांसद ने प्रत्येक स्थान पर उतरकर सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत सत्कार स्वीकार किया। इसके बाद मंत्री का काफिला नगर की सीमा से लगे ग्राम पंचायत कामथ पहुंचा जहां भाजपा नेता नमन अग्रवाल, भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला कोषाध्यक्ष जाफर पटेल, जीतू डहारे, कामथ सरपंच , रामदास साहू ,पन्ना साहू सहित बड़ी संख्या में जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्य एवं सरपंचों ने उनका स्वागत किया मिष्ठान वितरण किए।

उल्लेखनीय की बैतूल हरदा लोकसभा चुनाव में भाजपा को रिकॉर्ड मतों की लीड मिली है जो की लोकसभा की 6 विधानसभा में सर्वाधिक है । 2019 लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को मुलताई विधानसभा ने सातों विधानसभा में सर्वाधिक 60 हजार से अधिक मतों की लीड से जिताया था यही कारण है कि मंत्री बनने के बाद क्षेत्र की जनता कौन से भारी उम्मीदे है । माना जा रहा है कि मुलताई क्षेत्र विशेष तौर से ताप्ती के सर्वांगीण विकास के मार्ग खुल सकेंगे।

भूसों की बोरियों और त्रिपाल से ढंककर ट्रक में भरा था मवेशियों को

# ऊपर भूसे की बोरियां, नीचे ठूंस-ठूंस कर भरे थे गोवंश, ले जा रहे थे कत्लखाने

**बैतूल।** पुलिस की सक्रियता के लाख दावों के बावजूद जिले से होकर होने वाली गोवंश तस्करी थम नहीं रही है। राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने एक बार फिर एक गोवंश से भरा ट्रक पकड़ा है। इसमें क्रूरतापूर्वक 48 गोवंश भरे थे। इसे ऊपर से भूसों की बोरियों और त्रिपाल से ढंक दिया था। राष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रांत सह संगठन मंत्री शुभम इगले ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह परमार को इस बारे में मुखबिर ने सूचना दी थी। सूचना यह थी कि एक ट्रक में सागर जिले के जंगल से गोवंश भर कर महाराष्ट्र कत्लखाने लेकर जाया जा रहा है। संगठन को दोपहर 1 बजे इस संबंध में सूचना मिली। तभी से संगठन गो तस्करों को पकड़ने के लिए सक्रिय हो गया। आठनेर रोड, मुलताई रोड और भैंसदेही रोड पर खड़े हो कर



उक्त गाड़ी को नंबर के आधार पर तलाशा जा रहा था। प्रखंड अध्यक्ष राहुल मालवीय ने बताया कि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने गौ तस्करी की सूचना पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस कंट्रोल रूम पर दी। साथ ही ट्रक हरदा, चिचोली से खेड़ी होते हुए महाराष्ट्र के कत्लखाने जा रहा है। कंट्रोल रूम की सूचना पर झल्लार और भैंसदेही पुलिस सक्रिय हुई। प्रदेश संयोजक पवन मालवीय ने बताया कि ट्रक को झल्लार पुलिस एवं संगठन के सहयोग से झल्लार-परतवाड़ा मार्ग पर पकड़ने में सफलता हासिल हुई। ट्रक चारों और से त्रिपाल से ढंका हुआ था। त्रिपाल के नीचे भूसों की बोरियां रखी हुई थी। जिससे कि गोवंश से भरी गाड़ी को कोई पहचान नहीं सके। ट्रक में दो पार्टिशन में क्रूरतापूर्वक रस्सियों से एक के ऊपर एक गोवंश को मुँह और पैरों को बांध कर भर रखा था। तस्कर गाड़ी छोड़ कर फरार होने में कामयाब हो गए हैं। ट्रक में 48 मवेशी भरे हुए थे। प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव ने बताया कि गोवंश से भरी गाड़ी में गोवंश को सांस लेने के लिए पाइप लाइन लगाई हुई थी।

# अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम दिया कलेक्ट्रेट में ज्ञापन

**सीहोर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा जम्मू काश्मीर में हुए आतंकी हमले के मृतकों और घायलों के परिजनों को केंद्र सरकार से आठ करोड़ रुपए की आर्थिक मदद देने और आतंकवादियों को फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग गई है।



अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को आतंकवाद के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर कलेक्टोरेट पहुंचकर जिलाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजय जोशी को दिया है। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा ने कहा कि देश में हिंदू धार्मिक तीर्थ यात्री सुरक्षित नहीं हैं। जम्मू कश्मीर के रिगासी में हिंदू श्रद्धालुओं की बस पर हुए आतंकवादी हमले में 10 तीर्थ यात्रियों की मृत्यु हो गई है और 32 तीर्थयात्री बुरी तरह घायल हैं। आतंकियों के द्वारा हिंदू तीर्थ यात्रियों के ऊपर हमला करने का स्पष्ट संकेत है कि उन्हे कशमीर से धारा 370 और अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर निर्माण अच्छा नहीं लग रहा है। मणिपुर में हुई हिंसा, पंजाब में बढ़ता उग्रवाद, आतंकवाद और जम्मू रिगासी में हुई घटना से स्पष्ट संकेत है।


खड़ी हाट पंचायत में अनोखा प्रयोगः श्मशान घाट पर लगाए पौधे, पाइप लाइन से कनेक्शन

# अंडरग्राउंड नालियां बनाकर गांव का गंदा पानी शहर से बाहर इकट्ठा किया, फिर ट्रीटमेंट कर पौधों की कर रहे सिंचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

पौधरोपण और उनकी सिंचाई के लिए अब ग्रामीण अंचलों में भी नई-नई तकनीक अपनाई जा रही है। ऐसा ही एक प्रयोग आष्टा विकासखंड की ग्राम पंचायत खड़ी हाट में किया जा रहा है। घरों का पानी सड़कों पर न बहे, इसके लिए पूरे गांव में पक्की नाली बनाकर उसे कवर किया गया है।

इसके बाद इन नालियों का पानी एक कवर्ड नाली से गांव के बाहर श्मशान घाट पर बड़ा गड्ढा बनाकर एकत्रित किया जाता है। यहां वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से इस पानी को शुद्ध किया जाता है और फिर इस पानी का उपयोग पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए किया जाता है। ग्रामीणों ने यहां श्मशान घाट परिसर में ही करीब 500 पौधे लगाए हैं। इन पेड़-पौधों को भी इसी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी दिया जाता है।



### बाउंड्रीवॉल भी जनभागीदारी से बनवाई

ग्राम पंचायत खड़ी हाट के रहवासी जनभागीदारी में भी पीछे नहीं हटते। ग्राम पंचायत के बजट में यदि कमी होती है तो वे जनसहयोग से उस काम को पूरा करवाते हैं। गांव की कई सड़कें इसका उदाहरण हैं। यही नहीं यहां श्मशान की बाउंड्रीवॉल भी शासकीय अनुदान और जनभागीदारी से ही बनाई गई थी। तात्कालीन सरपंच कृष्णा बाई रमेशचंद्र वर्मा (टोपा) ने पूरे श्मशान क्षेत्र को अतिक्रमण से मुक्त कराया और शासकीय अनुदान तथा जनसहयोग से शांति धाम की बाउंड्रीवाल भी करवाई। ताकि फिर यहां कोई अतिक्रमण न कर सकें।

### चौड़ी सड़कें और अतिक्रमण मुक्त पंचायत की मिसाल है खड़ी हाट

ग्राम पंचायत खड़ी हाट आज भी चौड़ी सड़कें और अतिक्रमण मुक्त पंचायत के रूप में जानी जाती है। शहर से ज्यादा चौड़ी सड़कें इस गांव में है। यहां अधिकांश ग्रामीण का संपत्ति कर भी पूरा जमा है। यही वजह है कि शासन की योजनाओं का लाभ इस पंचायत को पूरा मिलता है। यही नहीं यहां के ग्रामीण जन सहयोग में भी पीछे नहीं हटते। ऐसे ही जनसहयोग से ग्राम पंचायत ने वर्ष 2017-18 में शांति धाम की बाउंड्री वाल बनवाई थी। शांति धाम की बाउंड्रीवाल के बाद क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए करीब 500 से अधिक पौधे यहां लगाए गए थे। इनमें से अधिकांश पौधे अब बड़े हो गए हैं। इन पौधों को लगातार पानी मिल सके इसके लिए यहां बोर भी करवाया गया है और बोर से पाइन लाइन बिछाकर प्रत्येक पौधे तक कनेक्शन भी दिया गया है। लेकिन ग्राम पंचायत ने यहां पौधों को पानी देने के लिए वाटर फिल्टर प्लांट भी तैयार किया है। तात्कालीन सरपंच कृष्णा बाई रमेशचंद्र वर्मा (टोपा) के कार्यकाल में पूरे गांव का पानी कवर्ड नालियों से शांति धाम में बने प्लांट तक लाया जाता है। इसके बाद इस पानी का ट्रीटमेंट करके पौधों में दिया जाता है।

### मत्स्य क्रय-विक्रय पर आज से 15 अगस्त तक रहेगा प्रतिबंध

**सीहोर।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि प्रजनन के दृष्टिगत रखते हुए और उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य के सभी प्रकार के जल संसाधनों में जहां पर मत्स्य प्रजनन की संभावना को देखते हुए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1948 के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में अधिघोषित किया गया है। कलेक्टर सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार अधिनियम-1981 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5000 रुपए जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। जारी आदेशानुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी,नालों से नहीं है, और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा।

## जिम्मेदारों की लापरवाही से समस्या का नहीं हो पा रहा समाधान

# सड़क निर्माण में घर के सामने खोदा नाला, ग्रामीणों के लिए बना मुसीबत

शहर के भूपेन्द्र चौकसे रेलवे स्टेशन तक निर्माणाधीन सड़क लागों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नगर में पीपल चौक से रेलवे स्टेशन गुरम खेड़ी को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण में हो रही लेट लतीफी एवं लापरवाही से ग्राम वासियों को काफी परेशानियां हो रही है ग्राम वासियों के घरों के सामने लगभग 4से 5-6फीट की चौड़ाई एवं डेढ़ से दो फीट की गहराई में खुदाई की गई है और 20 दिन से एक माह की अवधि में फिलिंग कार्य नहीं किया जा रहा है जिससे ग्राम वासियों को घर से निकलने एवं घर में प्रवेश में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ग्राम वासियों की मांग है कि शीघ्र ही फिलिंग का कार्य किया जाए।



सेमरी हरचंदः- पीपल चौक से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली बहु प्रतीक्षित डिवाइडर युक्त सड़क का निर्माण अब आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनने लगा है 5 जनवरी से प्रारंभ हुए इस निर्माण कार्य की गति अत्यंत धीमी होने एवं ठेकेदार द्वारा की जा रही लापरवाही से ग्रामवासी परेशान है मंडी गेट से प्राथमिक शाला जमुनिया जो की स्टेशन नजदीक है एवं जिस साइड में ग्राम वासियों के आवासों की संख्या अधिक है मकानो के सामने खुदाई कर दी गई है एवं लगभग एक माह का समय हुआ जा रहा है फिलिंग का काम नहीं होने के कारण ग्राम वासियों को घर में प्रवेश एवं घर से बाहर निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वही डिवाइडर निर्माण में भी ग्राम की लिंक सड़कों के सामने जगह कम छोड़ी गई है क्षेत्र कृषि प्रधान है किसानों के ट्रैक्टर ट्रालियो सड़क एवं छोटे बड़े चार पहिया वाहनों को डिवाइडर की छोड़ी जगह में मुड़ने एवं घूमने में परेशानी होगी। तथा कुछ ही दिनों बाद बारिश का मौसम प्रारंभ हो जाएगा एवं खोदी गई सड़क नाले में परिवर्तित हो जाएगी स्थिति बहुत अधिक परेशानी युक्त एवं गंभीर समस्या होगी।

ग्राम वासियों कि इस समस्या को लेकर हमने जब लोक निर्माण विभाग के सभी इंजीनियर राम प्रसाद शर्मा के मोबाइल नंबर 87 1891 1256 पर बात करनी चाहिए तो उन्होंने हमारा फोन रिसीव नहीं किया।

सेमरी हरचंद के पीपल चौक से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली इस के निर्माण में हो रही लेट लतीफी एवं ठेकेदार की लापरवाही से ग्रामवासी परेशान है यदि समय रहते शासन-प्रशासन के अधिकारियों द्वारा सड़क निर्माण में चल रही लेट लतीफी एवं लापरवाही पर अंकुश नहीं लगाया गया गंभीर समस्याओं का सामना ग्राम वासियों को करना पड़ेगा।

### घर से निकलना मुश्किल होगा



घरों के सामने नाला बना दिया गया है कुछ ही दिनों बाद बारिश शुरू हो जाएगी और फिलिंग कार्य नहीं किया गया तो घरों निकलना मुश्किल हो जाएगा।

विजय साहू प्राइवेट कोचिंग संचालक

### काफी समस्या होगी



सड़क निर्माण में लिंक सड़कों पर डिवाइडर का गैप काफी कम है स्कूल वाहनों ट्रैक्टर ट्रालियों के मुड़ने में काफी समस्या होगी।

शक्ति सिंह भदोरिया, भाजपा कार्यकर्ता

# प्रदर्शनी में सैलानियों को दी गई पीटीएस के शस्त्रों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



शनिवार को पुलिस अधीक्षक निमिषा पाण्डेय, के मार्गदर्शन में पीटीएस में उपलब्ध आधुनिक शस्त्रों के विषय में जानकारी एवं प्रशिक्षण संबंधी गतिविधयां, मध्य प्रदेश पुलिस के गौरवशाली इतिहास, आधुनिक पुलिसिंग, आदि महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी स्थानीय व्यक्तियों एवं विभिन्न स्थानों से पचमढ़ी घूमनें आये हुये सैलानियों को प्रदाय करनें हेतु पीटीएस पेट्रोल पम्प के पास प्रदर्शनी का आयोजन कराया गया है। जिसमें स्थानीय व्यक्तियों एवं सैलानियों द्वारा प्रदर्शनी बूथ के अंदर प्रवेश कर व्यवरिथत रखे हुये आधुनिक शस्त्र एवं मध्य प्रदेश पुलिस के गौरवशाली इतिहास से संबंधित पुस्तकें एवं शहीद हुये जवानों की फेम में जड़ी हुई तस्वीरों को देखकर विभिन्न प्रकार के प्रश्न किये गये है, जिनका जबाव पीटीएस में पदस्थ बाह्य एवं आंतरिक प्रशिक्षिकों द्वारा सहजतापूर्ण दिया गया ।

## जल संवर्धन के तहत तालाब में किया श्रमदान

**शोभापुर।** सोहागपुर जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली पंचायत ढिकवाड़ा में जल संवर्धन कार्यक्रम के तहत आज सरपंच राजकुमार शाह उपयंत्री सोना पगारे सचिव बद्री प्रसाद बामने , रोजगार सहायक देवेंद्र पटेल , उप सरपंच शिव हरी , महेश प्रसाद पूर्व उप सरपंच , प्रदीप पटेल , हरगोविंद कुशवाहा , विशन बाई , दीपा कुशवाहा सहित अनेकों लोगो ने श्रमदान करते हुए तालाब की मिट्टी निकाली । उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य है कि कुंआ, बावड़ी , तालाब इत्यादि जल श्रोतो के माध्यमों को पुनः जीवित करते हुए जल समस्या से मुक्ति दिलाई जाए । सचिव बद्री प्रसाद बामने ने बताया कि उक्त तालाब में आज श्रमदान करके उसके जल स्तर को बनाए रखने को लेकर सभी श्रमदान करने वाले लोगो ने संकल्प लिया । उक्त तालाब में पूर्व में भी प्रयास करते हुए नहर से पानी लाकर मवेशियों के लिए एक जल आश्रय के रूप में विकसित करने का प्रयास किया गया था ।



# जल संरक्षण के लिए जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया जा रहा तालाब में श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद माखननगर के निर्देशन विकास खंड समन्वयक श्री नरेन्द्र देशमुख जी के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन के विशेष अभियान के अंतर्गत नगर के मुख्य आकर्षण तालाब (नसीराबाद रोड़ माखननगर) की साफ-सफाई का अभियान चलाया गया। जिसमें 1 ट्राली खरपतवार, एवं घास निकाली गई। जिसके उपयोग हेतु जैविक खाद बनाने के लिए किया जाएगा। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक श्री नरेंद्र देशमुख जी ने बताया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा 5 जून से 16 जून तक माखन नगर विकासखण्ड के ग्रामो में इस अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नदी, तालाबों, बावड़ी की साफ सफाई, कलश यात्रा, निबंध लेखन, रंगोली,दीवार लेखन आदि गतिविधियों लोगों को जल संरक्षण हेतु जागरुक करने के लिए परिषद के द्वारा की गई है। श्रमदान करने के दौरान माखननगर के सीएमओ जी.एस. राजपूत, विकासखण्ड समवयक नरेंद्र देशमुख, नवांकुर संस्थाएं एवं परामर्शदाता, प्रस्फुटन समिति, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं की उपस्थिति में जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शपथ ली गई। श्रमदान में नवांकुर संस्था नीतिराजसिंह यादव, नीरज चतुर्वेदी, हरीश नामदेव, जितेंद्र मीना, विपिन यादव, परामर्शदाता सुरेश यादव , हर्ष तिवारी, प्रस्फुटन समिति से नितिन यादव, प्रदुमन कहार, शुभम् गोस्वामी, राकेश दायमा, दिनेश यादव, गजेन्द्र सोलंकी सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्रा नंदन गिरी, शिल्पा राजपूत, रानी विश्वकर्मा, संध्या मालवीय, राकेश निमोदा, अजय गोलिया, सुनील वामने, रक्षा साहू, सौरभ साहू, अर्पिता शर्मा, रोशनी केवट, नितिन यादव, ऋषव दुबे, आकृति दुबे, दिनेश यादव, सुनील वामने ,संजेश गोलिया आदि छात्र छात्राओं ने भाग लिया।



## जल संरक्षण पखवाड़े अंतर्गत समूह की चर्चा का आयोजन

पिपरिया। शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में पिपरिया में जल संकट ना हो भरे इसके लिए जल संरक्षण पखवारी का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत जल संरक्षण के कारण परिणाम और सरकारी नीतियों पर व्यक्तिगत उपाय का विद्यार्थियों के बीच समूह बनाकर चर्चा का आयोजन किया गया। समूह चर्चा हेतु विद्यार्थी निकिता कुशवाहा लक्ष्मी रघुवंशी प्रिया पाल कविता सराठे मनोज कर तुलसी वंदना स्नेहा सराठे सभी का रघुवंशी देवांश हर्षित यादव अच्छी मालवी खुशी सरते शिखर रघुवंशी मुस्कान विश्वकर्मा को तीन समूह में अलग-अलग विभक्ति करके ऑक्सीजन हाइड्रोजन और मिनरल्स नाम के समूह बनाए गए। प्राचार्य डॉक्टर राकेश वर्मा के नेतृत्व में समूह ने उनके दुष्परिणाम मिनरल्स बॉर्डर समूह ने सरकारी नीति व्यक्तिगत उपाय पर चर्चा की चर्चा को उपरांत पानी की बर्बादी द्रौपड़ियों पेड़ों की कटाई मुख्य कर्म पर प्रकाश डाला वर्तमान में जल संकट भविष्य में पानी की कमी और गंभीरतापूर्वक चर्चा की अंत में मिनरल बॉटल्स ने जल संरक्षण नीति नेहरू तालाबों की साफ सफाई वाटर हार्वेस्टिंग के तरीकों पर चर्चा की। आचार्य के द्वारा भी अपने विचार साझा किए गए विद्यार्थियों से पानी बचाने उसके दुरुपयोग से बचा हुआ प्रचार प्रसार की बात कही इस अवसर पर प्रोफेसर किटी मोर डॉ अनीता सेन डॉक्टर आर डी पटेल डॉक्टर स्क मेहरा साहब तमाम स्टाफ के लोग एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## तेंदुए ने किया मादा कुत्ते का शिकार

**इटारसी।** तवानगर में तेंदुए ने एक अधिवक्ता के घर की बाउंड्री कूदकर मादा कुत्ते का शिकार कर लिया है। अधिवक्ता ने एक अन्य पालतू कुत्ते के साथ तेंदुए का पीछा किया तो तेंदुए ने दूसरे कुत्ते को भी पंजा मार दिया और मादा कुत्ते को लेकर जंगल में भाग गया। घटना 14-15 जून की रात करीब सवा तीन बजे की है। अधिवक्ता ने तेंदुए के आतंक से मुक्ति दिलाने पंचायत को पत्र दिया है। तवानगर निवासी अधिवक्ता भूपेश साहू ने सरपंच के नाम दिये पत्र में उल्लेख किया है कि उनके रेग्युलर कालोनी स्थित आवास से 14 जून की रात 3.15 बजे जालीनुमा बाउंड्री कूदकर एक तेंदुआ भीतर आया और पालतू मादा डॉग जो अपने एक माह के बच्चों के साथ सो रही थी, उसे उठाकर ले गया। शोर सुनकर जब वे बाहर आये तो तेंदुआ डॉग को लेकर भाग रहा था। उन्होंने अपने एक अन्य पालतू कुत्ते के साथ उसका पीछा किया तो तेंदुए ने दूसरे कुत्ते पर भी हमला कर पंजा मार दिया और मादा डॉग को लेकर भाग गया। श्री साहू ने कहा कि तवानगर में पहले भी कई बार तेंदुए हमला कर कुत्ते और अन्य पालतू जानवरों का शिकार कर चुके हैं, तेंदुए का आंतक बढ़ रहा है।

# जम्मू काश्मीर हमले में हुए मृतकों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में आतंकवादियों द्वारा हमले मारे गये तीर्थ यात्रियों और देश की रक्षा को करते हुए अपने प्राण न्योछावर करने वाले मध्य प्रदेश के सैनिक अमर शहीद कबीर दास को यहां जय स्तंभ चौक पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष सुभाष दुबे, भाजयुमो पूर्व जिला अध्यक्ष कुलदीप रावत, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख अनूप तिवारी, नगर मंत्री चेतन राजपूत, बजरंग दल नगर संयोजक संदीप यदुवंशी, सोमेश दुबे, नगर सह मंत्री अभिषेक यादव, धर्मेश सोलंकी, प्रदीप रैकवार, नवीन शर्मा, राजीव पटेल, अवधेश मालवीय, गोपाल राजपूत, दीपक श्रीवास एवं राजेन्द्र क्रिकेट अकादमी के समस्त खिलाड़ी सहित उपस्थित रहे।

# धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




पिपरिया महेश्वरी सेवा मंडल के द्वारा महेश नवमी पर वंश उत्पत्ति दिवस जिसे कहा जाता है उसे दिवस के रूप में मनाया गया और इस दिन माहेश्वरी समाज के द्वारा भगवान महेश का व्रत भी रखा जाता है।

दोपहर के समय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सामाजिक भवन में किया गया जिसमें डॉक्टर श्याम सोडानी अजय महेश्वरी अंजू घुर क बंटी शायद सभी ने महेश नवमी का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया इस पर पर हर साल भी बबीता के साथ मनाया जाता है इस दिन लोगों ने भगवान शिव देवी पार्वती की पूजा कर भोलेनाथ का नाम महेश भी है और उन्हें किस नाम पर यह पर्व मनाया जाता है। जिसमें लगभग 100 यूनिट व्यापारी वर्ग एवं महिला वर्ग के द्वारा रक्तदान किया गया इसमें होशंगाबाद रेड क्रॉस सोसाइटी सहित सबल अस्पताल से डॉक्टर शामिल हुए और रक्तदान किया गया परिवार सहित भी लोगों ने रक्तदान किया बताया जाता है कि आज के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करने से बिगड़े काम बनते हैं यह पर्व माहेश्वरी समाज के लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। महेश नवमी की पौराणिक कथा एवं उसका महत्व भी अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है। रक्तदान शिविर के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन समूह के माहेश्वरी वर्ग के बच्चे बच्चियों के अलावा महिला वर्ग पुरुष वर्ग नेवी कार्यक्रमों में भाग लिया और बड़ी श्रद्धा उत्साह के साथ इस पर्व को मनाया गया।

# शिक्षकों के द्वारा एफएलएन कोर्स होगा संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शिक्षकों के द्वारा एफ एल एन कोर्स संचालित किया जाएगा इस विषय के लिए शिक्षकों को एक दिन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पिपरिया सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान अर्थात एफ एल एन आधारित विकासखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें पिपरिया विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी एवं वी आर सी प्रदीप शर्मा की उपस्थिति में कार्यशाला का शुभारंभ किया गया जिसमें जिला शिक्षा केंद्र जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में लोग उपस्थित रहे उन्होंने माता सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और मुख्य अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की प्रस्तावना को स्वागत भाषण प्रस्तुत किए गए उसके पश्चात विधिवत कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ जिसमें जन शिक्षा केदो से कक्षा पहली दूसरी तीसरी में पढ़ने वाले प्राथमिक शिक्षक उपस्थित थे उन्हें सर्वप्रथम कार्यक्रम का एजेंडा बताया गया और कार्यशाला की जानकारी दी गई तथा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में मध्य प्रदेश के सहयोग से मिशन अंकुर के नाम से अपने प्रदेश और निपुण भारत के नाम से पूरे देश में चल रही जिसमें हमारे प्राथमिक विद्यालयों के ऐसे बच्चे जो हिंदी अंग्रेजी पढ़ना नहीं जानते गणित की संख्या पहचान में कमजोर है उन बच्चों के लिए विशेष तौर से शिक्षकों द्वारा एफ एल एन का कोर्स संचालित किया जावेगा। ऐसी जानकारी साझा किया।

जिसमें बच्चों को बुनियादी साक्षरता संख्या ज्ञान समझ कराई गई सरकार के द्वारा विषय पर नई शिक्षा नीति के तहत नवीन पुस्तक शिक्षक संदर्शी का बच्चों के लिए अभ्यास पुस्तिकाएं निर्मित की गई है जिनमें निरंतर अभ्यास करते हुए बच्चे कठिन से कठिन विषय को भी बड़ी आसानी से सीख सकते हैं और साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में निपुण हासिल कर सकते हैं इस उद्देश्य को लेकर आज पूरे दिन भर कार्यशाला चलती रही।

भोजन अवकाश के बाद ज्योति सत्र में सभी शिक्षकों को जन शिक्षा केंद्र अनुसार समूह में बांटा गया और फिर उसके बाद गतिविधियों के कुछ बिंदु बताए गए उन्हें प्रस्तुत देने के लिए कहा गया सभी शिक्षक केदो से एक टीम के रूप में काम किया अपनी अपनी प्रस्तुतियां मंच पर दी पिछले सत्र में उत्कर्ष कार्य करने वाले जन शिक्षक मार्च का ट्रेनर को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया हिंदी अंग्रेजी गणित साक्षरता संख्या ज्ञान की बड़ी क्यों को भी मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा बड़े ही शहर सरल ढंग से समझाया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया गया।

शासन के निर्देशानुसार कार्यक्रम आयोजित करने के लिए चर्चाएं की गई और उन्हें कहा गया की 18 जून 2024 से शुरू होने वाले शिक्षण सत्र में शासन के निर्देश अनुसार बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत करें विद्यालय की सुंदरता बढ़ाने को स्वागत से तयार करावे और बड़ी उत्साह के साथ शिक्षण सत्र की शुरुआत करें इस कार्यक्रम में हिंदी अंग्रेजी गणित के मास्टर ट्रेनर के रूप में तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

# पात्र हितग्राहियों के खातों में डेढ़ वर्ष से नहीं आई सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



किसान आदिवासी संगठन एवं समाजवादी जन परिषद ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम पत्र भेजकर संबल एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता के लंबित प्रकरणों में हितग्राहियों के हित में जल्द कार्यवाही की मांग की है।

मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में दोनों संगठनों ने कहा है कि संबल एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता के दर्जनों केस लगभग डेढ़ वर्षों से लंबित हैं। नर्मदापुरम जिले के आदिवासी ब्लॉक केसला के संबल एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के दर्जनों केस लगभग डेढ़ सालों से लंबित हैं।

इस संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह को भी 22 फरवरी 2024 को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया, मगर आज तक गरीब हितग्राही के खाते में शासन का पैसा नहीं आया है। किसान आदिवासी संगठन के फागराम और कपिल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि केसला ब्लॉक के संबल एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता के गरीब हितग्राहियों के खाते में जल्द से जल्द पैसा डाला जाए जिससे गरीब हितग्राहियों का आर्थिक संकट दूर हो सके। इस सम्बन्ध में केसला जनपद सीईओ रंजीत ताराम का कहना है कि संबल की राशि सीधे भोपाल से खातों में आती है और राष्ट्रीय परिवार सहायता की जिला स्तर से। राष्ट्रीय परिवार सहायता की राशि में इतनी देरी नहीं होती है।

## आदिवासी सामूहिक विवाह सम्मेलन 23 जून को तिलक सिंदूर में

**इटारसी।** बिरसा मुंडा सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति जमानी के तत्वावधान में आदिवासी सामूहिक विवाह सम्मेलन 23 जनू, रविवार को तिलक सिंदूर मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति की ओर से वर-वधु को सात बर्तन, वधु के लिए चांदी का मंगलसूत्र, बिछियां दिये जाएंगे। जो माता-पिता अपने पुत्र-पुत्रियों का विवाह इस सम्मेलन से कराना चाहते हैं उनको आधार कार्ड, अंकसूची, दोनों पक्षों की दो फोटो के साथ 18 जून तक पंजीयन कराना होगा। पंजीयन के लिए अवधराम कुमरे 9907732916, जगदीश काकोडिया 8817193315, सुखराम कुमरे 9669295884, आकाश कुशराम 7987959760 के नंबरों पर संपर्क करना होगा।

## जिला अस्पताल में हुआ शिविर का आयोजन

# क्लवफुट मरीजों का हुआ इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम जिला अस्पताल में आये दिन विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए शिविर आयोजित किये जाते रहे हैं इसी तारतम्य में शनिवार को को जिला अस्पताल में क्लवफुट (मुडे हुए पैर) के इलाज का शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आर.बी.एस. के. दलों द्वारा विभिन्न विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्रों से 40 बच्चों को उपचार हेतु लाया गया। शिविर में डॉ अनिल वडुके अस्थि रोग विशेषज्ञ द्वारा बच्चों का परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरांत 14 बच्चों की निःशुल्क कॉस्टिंग की गई। 12 बच्चों को ब्रेसेस (जूते) प्रदाय किये गये एवं 14 बच्चों का फालोअप किया गया। शिविर में अभिषेक रैकवार अनुष्का फाउंडेशन (मुंबई) एवं सुमोरिन मसीह क्योर इंटरनेशनल संस्था (दिल्ली) के माध्यम से शिविर में आये बच्चों को आवश्यकतानुसार ब्रेसेस (जूते) प्रदाय किये गये, जिससे बच्चों के मुड़े हुए पैर जल्दी ठीक हो सके। शिविर में डॉ दिनेश देहलवार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ आर. सी. प्रजापति, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, डॉ. संजय पुरोहित आदि मौजूद रहे।

## नल जल योजना की जल कर की वसूली करेंगी समूह की महिलाएं

**नर्मदापुरम।** जनपद पंचायत के अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे की उपस्थिति में जिला पंचायत सभागृह में गत दिवस बैठक हुई। बैठक के दौरान बताया गया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित की गई नल जल योजनाओं को स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा संचालित किया जायेगा। नर्मदापुरम जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायतों में प्रत्येक घरों में नल कनेक्शन दिये गये हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा निर्माण कराकर ग्राम पंचायत को योजना हस्तांतरित की जाती है। जनपद पंचायत नर्मदापुरम अंतर्गत 30 योजनायें जो पूर्ण हो चुकी हैं या पूर्णता की ओर हैं ऐसी ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव एवं समूह की महिलाओं का प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभागृह में संपन्न हुआ। महिलाओं को जल कर वसूली के उत्तदायित्व के निर्वहन हेतु इच्छुक/ चिन्हित स्वं सहायता समूहों के द्वारा किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 19 जून से चर्च मैदान पर शुरू होगा खेल मेला

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर अखिल भारतीय फुटबाल एसोसिएशन के निर्देशानुसार इन दिनों शहर के चर्च मैदान पर आगामी 19 जून से होने वाली बेबी लीग फुटबाल खेल मेला का आयोजन किया जाना है। इसके तहत बड़ी संख्या में फुटबाल टीम यहां पर खेली नजर आएगी। वहीं गुरुवार को दो मैच खेले गए थे। गुरुवार की शाम को पहला मैच सीहोर चिल्ड्रन और सीहोर क्लब के मध्य खेला गया, इस मैच में सीहोर क्लब की टीम 2-0 से विजय रही। इसमें सीहोर क्लब की ओर से अक्षत ने दो गोल किए थे। यह मुकाबला एक तरफा रहा। इसमें अक्षत ने शानदार प्रदर्शन किया था। इसके अलावा एक अन्य मैच सीहोर मिनी बाइज और सीहोर ब्लू के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में सीहोर मिनी बाइज 3-0 के अंतर से जीत लिया। इस मैच में सीहोर मिनी बाइज की ओर से चित्रांश, कुशल और हिमांशु परमार ने एक-एक गोल किया था।

### हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स में निकली भर्ती

**सीहोर।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने नॉन एग्जीक्यूटिव के 182 पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार hal-india.co.in पर आवेदन कर सकते हैं। इनमें डिप्लोमा तकनीशियन (मैकेनिकल) के 29 पद, डिप्लोमा तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट् रॉनिक्स/इंस्ट्रूमेंट शन) के 17 पद, ऑपरेटर (फिटर) के 105 पद, ऑपरेटर (इलेक्ट्रीशियन) के 26 पद, ऑपरेटर (मशीनिस्ट) के 2 पद, ऑपरेटर (वेल्डर) का 1 पद, ऑपरेटर (शीट मेटल वर्कर) के 2 पद हैं।आयु सीमा 18 से 28 वर्ष है।

### प्रवेशोत्सव 18 से, तीन दिन सांसद, विधायक और अफसर भी आएंगे

**सीहोर।** अगले सप्ताह से स्कूल खुल जाएंगे। ऐसे में स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेशभर के स्कूलों में स्कूल चलो अभियान के तहत तीन दिन तक प्रवेशोत्सव मनाने के लिए कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं। स्कूलों में प्रवेशोत्सव 18 से 20 जून तक चलेगा और इसमें बच्चों के बीच सांसद, विधायक, महापौर, पार्षद, जिला पंचायत अध्यक्ष, अफसर तथा अन्य गणमान्य लोग पहुंचेंगे। इन तीनों ही दिन स्कूलों में अलग-अलग गतिविधियां की जाएंगी, जिनमें विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों को भी जोड़ा जाएगा। प्रवेशोत्सव के दौरान विद्यार्थियों को सालभर स्कूल आने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

### माह जून मलेरिया निरोधक माह के रूम में मनाया जाएगा

**सीहोर।** राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत प्रेत्यक वर्ष माह जून मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी जून मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाये जाने के लिए भारत शासन एवं राज्य शासन द्वारा जारी निर्देश के तहत जून मलेरिया निरोधक के रूम में मनाया जाएगा।

एक ग्रुप की टोली बनाई जाती है जिसमें 15 से 20 लोग शामिल होते हैं

# आखिर नहीं थम पा रहा जंगल की अवैध कटाई का सिलसिला

सूरज ढलते ही बुलंद होसले के साथ सरेआम पहुंचती है, अपनी मंजिल तक अवैध इमारती लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

तहसील के चकल्दी, बनियागांव, काकरिया क्षेत्र से बेधड़क बुलंद हौसले के साथ सरेआम लाते हैं। इमारती लकड़ी ओर फर्नीचर मार्ट तक पहुंचाई जाती है जो की वन विभाग की सीमा के बिलकुल सटे ही फर्नीचर मार्ट लगा ने की परमिशन प्रशासन द्वारा दी गई जो आज भी हुए हैं।

### लकड़ी काटने का ये तरीका

एक ग्रुप की टोली बनाई जाती है जिसमें 15 से 20 लोग शामिल होते हैं, पांच लोग रेकी करते हैं, बाकी लोग जंगल में जाते हैं, उसी समय में डीजल मशीन लेकर आते है, जो कुछ ही मिनट में बड़े से बड़े सागौन का पेड़ धाराशायी हो जाते है, जिसे मौजूद लोगों द्वारा आपस में मिल बांट लेते हैं। वहीं सूत्र बताते इसकी पूरी खबर संबंधित विभाग के कर्मचारी को होती है, लेकिन मिली भगत के चलते कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### रक्षक ही बन रहे हैं भक्षक

जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो जंगल नहीं कटने का सवाल ही पैदा नहीं होता। क्योंकि जब यह सारे आम लकड़ी सप्लाई करने जाते हैं और वन विभाग की टीम पकड़ने जाती है उससे पहले ही वन विभाग की लोकेशन उपलब्ध हो जाती है, कि वन विभाग की गाड़ी इस दिशा से आ रही है तो यह सब सचेत हो जाते हैं, आज के डिजिटल इंडिया युग में वन विभाग से ज्यादा शातिर है, आज के जमाने में अवैध सागौन काटने वाले हो गए हैं, इसी का फायदा उठाकर अवैध सागौन की कटाई की जा रही है।





### पहुंचाई जा रही फर्नीचर मार्ट तक

वहीं सूत्र बताते हैं कि वन कर्मी की मिली भगत से चकल्दी क्षेत्र से नसरुल्लागंज, रेहटी तक सागौन का अवैध परिवहन इमारती लकड़ी पहुंचाई जा रही है, ओर इस काम के बदले वन कर्मी मोटी रकम वसूल रहे है इतना ही नहीं वन परिक्षेत्र मे अतिक्रमण के नाम पर ही राशि के लेन-देन की बाते सामने आ रही है, ओर वहीं वन भूमि का रकबा कम होने से साफ जाहिर हो रहा है कि यह खेल बड़े स्तर पर मिली भगत कर खेला जा रहा है।

# हक की लड़ाई में कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है: राजीव गुजराती



**सीहोर।** मध्य प्रदेश सरकार एवं गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा सीहोर जिले की आष्टा तहसील के बागेर भंवरा भंवरी क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा एथेन क्रैकर प्रोटोकेमिकल प्लांट गेल इंडिया द्वारा लगाया जाना प्रस्तावित किया गया है जिसकी मध्य प्रदेश सरकार ने प्रारंभिक स्वीकृति दे दी है और साथ ही जिला कलेक्टर को सरकारी एवं निजी किसने की भूमि को अधिग्रहण करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा है जिस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि सरकार और गैल इंडिया प्लांट लगाना चाहता है वह किसानों के लिए सबसे अच्छी उपजाऊ जमीन है और उस जमीन के अंदर पूरे देश में सबसे अच्छी क्वालिटी का शरबती गेहूं पैदा होता है जो कि पूरे देश में प्रसिद्ध है ऐसे एरिया में यह प्लांट लगाना पूरे एरिया को बर्बाद करने जैसा निर्णय है, क्षेत्र के किसान भी लगतार प्लांट का विरोध कर रहे है, एक किसान द्वारा आत्महत्या का प्रयास करना दुखद है। कांग्रेस पार्टी हर स्थिति में किसानों और क्षेत्र की आम जनता के साथ खड़ी है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने जारी बयान में कहा कि हर स्थिति में प्रशासन और सरकार किसानों की मंशानुरूप ही कार्य करे। गेल इंडिया और मध्य प्रदेश सरकार का आष्टा क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा एथेन क्रैकर प्रोटोकेमिकल प्लांट लगाने का निर्णय एकदम गलत और क्षेत्र साबित होने वाला हैं यह क्षेत्र कृषि के लिए और खासकर शरबती गेहूं के साथ ही कई प्रकार की बेहतरीन फसल उपजाने के लिए जाना जाता है और 2013 में परित भूमि अधिग्रहण कानून किसी भी क्षेत्र की भूमि अधिकृत करने के लिए 70 से 80 प्रतिशत लोगों की सहमति के बिना भूमि अधिग्रहण की अनुमति नहीं देता है यह तो निजी भूमि की बात हुई पर हमारे क्षेत्र की सरकारी भूमि भी सरकार किसी ऐसे प्लांट को लगाने के लिए नहीं दे सकती जिससे हमारे क्षेत्र के वातावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता हो ।

सरकार और जनप्रतिनिधी गण से क्षेत्र के किसानों के साथ और क्षेत्र को बचाने के लिए सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर किसानों के हक़ अधिकार की लड़ाई में साथ खड़े होकर इस प्लांट को यहां नहीं लगाने के संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़े होना चाहिए । जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि यदि सरकार ने हठधर्मिता के साथ यह प्लांट लगाने की कोशिश की तो क्षेत्र के किसान और आम लोगों के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी जनांदोलन खड़ा करेगी।

# राजपूत समाज द्वारा निर्मित महारानी पद्मनी गर्ल्स हॉस्टल का सीहोर विधायक ने किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राजपूत समाज धर्मशाला एवं श्री राम मंदिर ट्रस्ट सीहोर द्वारा नव निर्मित महारानी पद्मनी गर्ल्स हॉस्टल का आज सीहोर विधायक सुदेश राय ने लोकार्पण किया।

लोकार्पण कार्यक्रम में राजपूत समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रसन्नता करते हुए विधायक राय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की निर्धन बेटियों की उच्च शिक्षा के लिए सीहोर में नवीन हॉस्टल के माध्यम से उन्हें निःशुल्क आवास की व्यवस्था कर राजपूत समाज द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है।

राजपूत समाज का यह कदम बेटियों की शिक्षा में उन्हें आगे बढ़ाने और उनके उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर राजपूत समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सिसौदिया ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की समाज की निर्धन बेटियों को सीहोर में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए यह नवीन हॉस्टल निर्मित किया गया है जहां उनके आवास की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में राजपूत समाज के पूर्व अध्यक्ष गोविंद सिंह सिसौदिया, किशोर सिंह सिसौदिया, राम सिंह चौहान, भारत सिंह देवड़ा, शैलेंद्र सिसौदिया, प्रद्युम्न सिंह सिसौदिया, अक्षय सिंह चौहान, ठा.सतपाल सिंह, योगेंद्र सिंह ढाबला, तरुण सिंह हरूखेड़ी, गिरीश सिंह चंदवाड़ और वरुण सिंह चंदवाड़ आदि उपस्थित थे।

# बमुलिया में गंगा जल संवर्धन अभियान:तालाब गहरीकरण और सफाई का काम शुरू; मिट्टी का उपयोग कर रहे हैं किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले की बमुलिया पंचायत में गंगा जल संवर्धन योजना के तहत काम चल रहा है। गुरुवार को यहां के तालाब की साफ-सफाई और गहरीकरण का काम शुरू हुआ। तालाब का गहरीकरण होने पर बारिश के समय में इसमें ज्यादा पानी भरेगा, जो कि आगामी समय में किसानों के लिए फायदा देगा। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर यहां चल रहे काम का जायजा लिया। इधर खुदाई में निकल रही मिट्टी को किसान अपने खेतों में ले जाकर फैला रहे हैं। उनका मानना है कि इससे फसल की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी। गावं के राधेश्याम, मनोहर, भोजराज, जितेंद्र, दीपक, कैलाश आदि ने कहा कि तालाब गांव के जल स्त्रोतों में जल स्तर को नियंत्रित करता है। यहां पर पहुंचकर महिलाएं काम करती हैं। साथ ही पशुओं को भी इससे पानी पीने को मिलता है।

### जसपाल सिंह अरोरा ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को दी बधाई

**सीहोर।** मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को जन्मदिन के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा नेता श्री अरोरा अपने समर्थकों के साथ विधानसभा पहुंचे और वहां पर गुलदस्ता, शॉल, श्रीफल भेंटकर विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत, सम्मान किया एवं उन्हें जन्मदिन के अवसर पर बधाइयां दी, साथ ही उनके दीर्घायु होने की कामना भी की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने उनका आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद भी प्रेषित किया। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच में कुछ राजनीतिक चर्चाएं भी हुई।




### बच्चों के यौन शोषण पर तत्काल करें शिकायत

**सीहोर।** पॉक्सो अधिनियम बच्चों को यौन शोषण के अपराधों से बचाने का प्रावधान है। इस कानून के अनुसार न सिर्फ बालिकाओं के यौन शोषण बल्कि नाबालिग लड़कों के साथ भी कोई अश्लील छेड़छाड़ होती है तो उसे भी अपराध की ही श्रेणी में माना जाएगा। इस अधिनियम के तहत दुष्कर्म की पारंपरिक परिभाषा के अलावा उन कृत्यों को भी दुष्कर्म की संज्ञा दी गई है, जिससे बच्चे के साथ गलत भावना से छेड़छाड़ की जाती है। यदि किसी व्यक्ति का पॉक्सो एक्ट के तहत दोष सिद्ध हो जाता है तो उसेकड़ी सजा देने का प्रावधान रखा गया है।

# पूर्व विधायक पटेल विधानसभा उपचुनाव के प्रभारी नियुक्त, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने सौंपा दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आगामी दिनों में विधानसभा क्षेत्र बुधनी में उपचुनाव होना है। उपचुनाव की बूथ स्तर की तैयारियों के बारे में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख प्रवक्ता और इछावर क्षेत्र के पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल को उप चुनाव का प्रभारी नियुक्त किया है। इस बारे में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी और उपाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि पूर्व विधायक श्री शैलेंद्र पटेल उनके साथ ही में राघोगढ़ के विधायक जयवर्धन सिंह भी बनाया गया उनको पत्र जारी किया है कि विधानसभा क्षेत्र बुधनी जिला सीहोर का दौरा कार्यक्रम आयोजित कर वरिष्ठ कांग्रेसजनों, जिले के पदाधिकारियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर सामंजस्य स्थापित करते हुए सर्व सम्मति से विजय की संभावना वाले प्रत्याशी के नाम का प्रस्ताव प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी को प्रेषित करे। गौरतलब है कि बुधनी से वर्तमान विधायक पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के विदिशा लोकसभा चुनाव से विजय होने से आगामी दिनों में क्षेत्र में उप चुनाव होना तय है। इसको लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पटवारी ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है और उप चुनाव को मद्देनजर रखते हुए क्षेत्र में सक्रिय रहने वाले पूर्व विधायक पटेल को प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है।

### कक्षाओं में प्रवेश की आयु निर्धारित

**सीहोर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार पूर्व प्राथमिक एवं प्राथमिक कक्षा में प्रवेश के लिए आयु निर्धारण किया गया है। भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के पत्र के परिपालन में राज्य शासन द्वारा आंशिक संशोधन किया गया है। अब नर्सरी में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 3 वर्ष व अधिकतम आयु 4 वर्ष 6 माह, केजी-1 में न्यूनतम 4 वर्ष व अधिकतम 5 वर्ष 6 माह, केजी-2 में न्यूनतम 5 वर्ष अधिकतम 6 वर्ष 6 माह और कक्षा-1 में न्यूनतम आयु 6 वर्ष एवं अधिकतम आयु 7 वर्ष 6 माह निर्धारित की है।

# शारीरिक परीक्षा और टेस्ट 2 जुलाई से

**सीहोर।** मप्र कर्मचारी चयन मंडल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 25 मई 2023 से 20 जून 2023 तक कराई गई थी। परिणाम 14 मार्च 2024 को घोषित किया गया था। सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी की परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के द्वितीय चरण की परीक्षा शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट जेल विभाग लेगा। प्रथम चरण में चयनित उम्मीदवारों का शारीरिक नाप खोज एवं प्रवीणता टेस्ट मोतीलाल नेहरू, पुलिस स्टेडियम भोपाल में 2 से 7 जुलाई तक है। विस्तृत विवरण मप्र कर्मचारी चयन मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# 23 से 25 जून तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान, स्वास्थ्य कर्मियों को दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

क्षेत्र में 23 से 25 जून तक आयोजित पल्स पोलियो और दस्तक अभियान के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक रूप से तैयारी की जा रही है।

इसी कड़ी में शनिवार को स्थानीय शासकीय सामुदायिक और अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इन शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केदो में शिवना, हेलापड़ावा, रायलबेड़ा और उप स्वास्थ्य केन्द्र पाडल्या हैं। इन विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण देने वाले प्रमुख अधिकारियों में बीपीएम जितेंद्र रावत, बीसीएम हरिशंकर कोचक और बीईई एमके श्रीवास्तव सहित सुपरवाइजर हंसराज सावले ,शिवनारायण गुप्ता, एलएचव्ही हमीदा सैयद सीएचओ ओमप्रकाश कुमावत, सीमा रावत, हेमलता सोलंकी, सुलोचना भूरिया, रूपेश बारसे आदि हैं। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को बताया कि इस अभियान में 0 से 5 बर्ष तक के सभी बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद दवा पिलाने के लिए 270 टीमें बनाई गई है। इनके निरीक्षण के लिए 25 सुपरवाइजर, बनाये गए हैं। जबकि क्षेत्र के सभी बूथों का निरीक्षण, ब्लॉक मेडिकल आफिसर और मेडिकल आफिसर सहित अन्य पदस्थ स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

## नगर के करीब 80 साल पुराने कुएं की अभियान के तहत हुई सफाई

# जल संरक्षण संवर्धन नमामि गंगे अभियान के तहत प्राचीन कुएं की जेसीबी से सफाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर पालिका अध्यक्ष मारूति शिशिर बताया कि अभियान के अंतर्गत नदी एवं प्राचीन जल स्त्रोतों की साफ-सफाई की जा रही है एवं स्वच्छता अभियान पर भी विशेष कार्य किए जा रहे हैं। बारिश से पूर्व नगर के बड़े-बड़े नालों की जेसीबी मशीन के माध्यम से साफ-सफाई की जा है।

भैरूंदा नगर के बीचों-बीच तिलक वार्ड नंबर 3 में पक्का कुआ के नाम से करीब 80 साल पुराना कुआ है। नगर मेयह काफी पुराना कुआ माना जाता है। नगर पालिका अध्यक्ष के साथ वार्ड के रहवासियों ने इस कुएं की साफ सफाई कर कुएं का गंदा पानी मोटर पम्प के द्वारा बाहर निकाल कर कुए की साफ-सफाई व्यवस्था कर और कुएं के आसपास की भी साफ सफाई की गई । जिसमें मुख्य रुप से सहभागिता निभाई नगर पालिका अध्यक्ष मारुति शिशिर सीएमओ प्रफुल्ल गठरे, महेंद्र परिहार (खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष) वार्ड पार्षद ओम पवार,मेहरबान सिंह सराते,मुकेश अग्रवाल, पूर्व पार्षद भगवान सिंह खरनार और वार्ड के सभी लोग मौजूद रहे साथ ही नगर परिषद के सभी अधिकारी कर्मचारी और एनजीओ से राहुल सोलंकी उपस्थित रहे।




### जिले में शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित

**सीहोर।** जिले में टीकाकरण की सघनता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्ययोजना का निर्माण किया जा रहा है। कार्ययोजना निर्माण और क्रियान्वयन के लिए यूएनडीपी के सहयोग से 0 डोज इमप्लिमेंटेशन प्लान के क्रियान्वयन किया जायेगा। भारत शासन ने 11 राज्यों के 143 जिलों का चयन किया है। जिसमें म्प्र के 15 जिलों में सीहोर जिला शामिल है, जहां 1 वर्ष तक के 0 डोज प्राप्त बच्चों की संख्या अधिक पायी गई है।मिशन संचालक एनएचएम ने कहा कि यह स्वास्थ्य विभाग के लिए महत्वपूर्ण अवसर है कि टीकाकरण में पीछे रह गये क्षेत्रों को अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं का विशेष सहयोग प्राप्त होने जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अमले को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए पूरे मनोयोग से प्रयास करने और संस्थाओं को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के लिए निर्देशित किया।